संक्षिप्त

सैलानियों के बावजूद सांभर से अटैच नहीं हो सका पर्यटन महोत्सव

सांभरझील । हर वर्ष की भांति झील परिक्षेत्र में पर्यटन महोत्सव चरम पर है। जहां पर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप पर्यटन विभाग की तरफ से संपूर्ण कार्यक्रम का तैयार किया गया खाका तारीफे काबिल है। पिछले वर्ष की तुलना में अच्छी खासी पर्यटकों की तादाद भी बढ़ी है। संभर साल्ट परिक्षेत्र में चंद्रा ठ्ठपु के रिसोर्ट में पर्यटकों के ठहरने की व्यवस्था है इसके अलावा अन्य दो-तीन और विकल्प भी यहां मौजूद है। लेकिन इन सभी का शुल्क इतना अधिक है कि एकाएक कुछ पर्यटक तो चौक जाते हैं। अब आपको बता दें कि जिस जगह पर्यटन महोत्सव हो रहा है वह प्रॉपर सांभर सीमा से करीब 7 किलोमीटर दूर डैम बांध के नजदीक झपोक क्षेत्र में हो रहा है। यहीं पर विभाग का डेरा डाला हुआ है। टेंट तंबू सब गाढ रखे हैं। यहीं से पर्यटकों को झील परिक्षेत्र में यानी छिछले पानी की झील में हजारों किलोमीटर की दूर से यात्रा कर शीतकालीन प्रवास के दौरान आने वाले विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों का नजारा भी दिखाया जाता है। जिनकी जिम्मे में यह काम है उनको खुद को ही पता नहीं की झील में कितनी प्रजाति के पक्षी हैं। और वह किस नाम से जाने पहचाने जाते हैं। एक फ्लेमिंगो पक्षी प्रचलित होने के कारण नगर पालिका के स्तर से डाक बंगले की दीवार के बाहर केवल एक पक्षी का चित्र फ्लेमिंगो का अंकित किया गया है। हर वर्ष की भांति टूटी-फूटी सड़कों का पैच वर्क फिर कर दिया गया है जो राहत भरा काम है।

गुर्जर समाज की 250 से अधिक प्रतिभाएं सम्मानित

भरतपुर (निस)। गुर्जर विचार मंच भरतपुर के तत्वाधान में संभाग स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी अजयपाल दारापुरिया ने बताया कि कार्यक्रम में संभाग की 250 से ज्यादा विभिन्न क्षेत्र की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने समाज के सभी लोगों को एवं विचार मंच के सदस्यों को इस पुनीत कार्य के लिये बधाई दी एवं गुर्जर समाज के उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए समाज को आगे बढाने का आ ान किया एवं समाज में छिपी प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने का आव्हान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला कांठोस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सूपा ने मौजूद लोगों से कहा कि आप अपने बच्चों की अच्छी शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। यही बच्चे हैं जो भविष्य में देश दुनिया में गुर्जर समाज का नाम रोशन करेंगे।

अवैध खनन का काला खेल बेखौफ जारी

बयाना, भरतपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सख्त निर्देशों के बावजूद बयाना विधानसभा क्षेत्र के बंशी पहाड़पुर में अवैध खनन का खेल पूरी दबंगई के साथ चल रहा है। पहाड़ों को छलनी कर ब्लास्टिंग के जरिए बड़े-बड़े पत्थर निकाले जा रहे हैं और भारी मशीनों से दिन-रात खनन किया जा रहा है। हकीकत यह है कि कुछ खदानें जहां सरकार से स्वीकृत बताई जा रही हैं, वहीं बड़ी संख्या में खनन कार्य पूरी तरह अवैध रूप से संचालित हो रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार रॉयल्टी ठेकेदार की खनन विभाग, माइंस विभाग, वन विभाग और पुलिस प्रशासन के कुछ अधिकारियों से गहरी साठगांठ है। इसी गठजोड़ के चलते न तो छापे पड़ रहे हैं और न ही कोई ठोस कार्रवाई हो रही है। सरकारी मशीनरी मानो अवैध खनन माफिया के आगे नतमस्तक नजर आ रही है। बंशी पहाड़पुर के पहाड़ों से निकाले गए विशाल पत्थरों को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और ट्रकों में भरकर रुदावल, खेरिया मोड़ और ब्रह्मबाद होते हुए बयाना के रीको क्षेत्र में खुलेआम बेचा जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि सैकड़ों की संख्या में पत्थरों से लदे ट्रक रुदावल, खेरिया मोड़ और बयाना थाने तथा वन विभाग के सामने से गुजरते हैं, लेकिन किसी की हिम्मत नहीं होती कि उन्हें रोका जाए। यह पूरा खेल न केवल सरकार को लाखों रुपये के राजस्व नुकसान में डाल रहा है, बल्कि क्षेत्र की सड़कों को भी बुरी तरह तबाह कर रहा है।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

पावटा में कांग्रेस पार्टी का 140वाँ स्थापना दिवस मनाया

पावटा। ब्लॉक पावटा में ब्लॉक अध्यक्ष महादेव यादव की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी का 140 वाँ स्थापना दिवस मनाया गया।

इस दौरान सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मेहरसिंह धनकड़ ने कहा की देश को आज़ादी दिलाने से लेकर लोकतंत्र को मजबूत करने और देश निर्माण में कांग्रेस की भूमिका ऐतिहासिक रही है।

■ **देश को आज़ादी दिलाने से लेकर लोकतंत्र को मजबूत करने और देश निर्माण में कांग्रेस की भूमिका रही**

पावटा में ब्लॉक अध्यक्ष महादेव यादव की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस मनाया ।

वरिष्ठ कांठोस नेता शिम्भु दयाल हाड़िया ने कहा की कांठोस ने हमेशा संविधानिक मूल्यों की रक्षा, सामाजिक न्याय की स्थापना और लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करने का काम किया है।

मंडल अध्यक्ष सुनील बिरला ने कहा की किसानों के अधिकारों की सुरक्षा, युवाओं के सशक्तिकरण तथा वंचित, शोषित और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए कांठोस पार्टी पूरी प्रतिबद्धता और निष्ठा के साथ लगातार संघर्ष करती रही है।

मंच संचालन करते हुए कांठोस नेता ओपी बायला ने कहा की इस अवसर पर उन सभी महापुरुषों को नमन करते है, जिनके त्याग, तपस्या और समर्पण से कांग्रेस की वैचारिक नींव मजबूत हुई और पार्टी जनसेवा का प्रतीक बनी।

इस दौरान कांठोस नेता रामावतार टेपण बागावास सरपंच रामेश्वर यादव, राजेश यादव पार्षद प्रतिनिधि, कांठोस नेता दशरथ यादव, मंडल अध्यक्ष सागर वर्मा, श्यामलाल शर्मा, रामकरण यादव सरपंच, डेलीगेट महेश बैराठी, उमराव यादव, कैलाश ठुकरान, गणेश सैनी, मुकेश गुर्जर, जगदीश यादव, राजेश गुर्जर, राजेंद्र यादव, कैलाश वर्मा, रणजीत चोबाला, विजय राठी, मालिराम गुर्जर, राकेश मीणा, मालिराम बाडिगर सहित मौजूद रहे।

डॉ. गर्ग ने सिख समाज के धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत की

भरतपुर (निस)। पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने भरतपुर के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों का दौरा कर विभिन्न सामाजिक धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा गुरूद्वारा संत बाबा नत्थासिंह ग्वारिया सिख समाज सेवा समिति की ओर से गुरूतेग बहादुर सहाब तथा गुरू गोविन्द सिंह जी के सहाबजादे के शहीदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम तथा कोली समाज जाग्रति संस्था के भामाशाह सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। डॉ. गर्ग ने गुरूद्वारा संत बाबा नत्थासिंह जी ग्वारिया सिख समाज सेवा समिति की ओर से गुरूतेग बहादुर सहाब तथा गुरू गोविन्द सिंह के सहाबजादे के शहीदी दिवस पर चौबुर्जा पर आयोजित हुये कार्यक्रम में भाग लेकर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी शहादत को नमन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गुरू गोविन्द सिंह के सहाबजादों तथा गुरू तेग बहादुर सहाब ने धर्म व देश की रक्षा के लिये बलिदान दिया है। जिसे कभी नहीं भूलाया जा सकता। उन्होंने कहा कि उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा। उन्होंने उनके आदर्शा पर चलने का आव्हान किया।

नाम परिवर्तन

मैं दिनेश पुत्र श्री बदन सिंह जाति गुर्जर उम्र 39 साल निवासी अकबरपुर तहसील श्री महावीर जी जिला करौली राजस्थान का रहने वाला हूं यह कि अतुल सिंह गुर्जर मेरा सगा पुत्र है जिसकी माता का नाम आशा कुमारी व पिता का नाम दिनेश है जन्मतिथि 01.08.2013 हैं। मेरे पुत्र के स्कूल रिकार्ड में पिता का नाम दिनेश सिंह गुर्जर व माता का नाम आशा देवी है जो कि गलती से दर्ज हो गया है। यह कि मेरे पुत्र के सभी दस्तावेजों में पिता का नाम दिनेश व माता का नाम आशा कुमारी दर्ज है जो कि सही व सत्य है। यह कि मेरे पुत्र के स्कूल रिकार्ड में अतुल सिंह गुर्जर व पिता का नाम दिनेश सिंह गुर्जर व माता का नाम आशा देवी के स्थान पर पिता का नाम दिनेश व माता का नाम आशा कुमारी संशोधन करवाना चाहता हूं।

नाम परिवर्तन

मैं दिनेश पुत्र श्री बदन सिंह जाति गुर्जर उम्र 39 साल निवासी अकबरपुर तहसील श्री महावीर जी जिला करौली राजस्थान का रहने वाला हूं यह कि आरूषी कुमारी मेरी सगी पुत्री है। जिसकी माता का नाम आशा कुमारी व पिता का नाम दिनेश है जन्मतिथि 09.07.2014 है। यह कि मेरी पुत्री के स्कूल रिकार्ड में पिता का नाम दिनेश सिंह गुर्जर व माता का नाम आशा देवी है जो कि गलती से दर्ज हो गया है। यह कि मेरी पुत्री के सभी दस्तावेजो में पिता का नाम दिनेश व माता का नाम आशा कुमारी दर्ज है जो कि सही व सत्य है। मेरी पुत्री के स्कूल रिकार्ड में आरूषी कुमारी व पिता का नाम दिनेश सिंह गुर्जर व माता का नाम आशा देवी के स्थान पर पिता का नाम दिनेश व माता का नाम आशा कुमारी संसोधन करवाना चाहता हूं।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका किशनगढबास, खैरथल-तिजारा

क्रमांक-4466 प्रारूप-10 नियम 6(7) देखिए दिनांक-26.12.2025

लोक सूचना

आवेदक/खातेदार अरबीना पुत्र श्री फकरूद्दीन आईसमा पुत्री श्री आजब खान, आजाद खान पुत्र श्री नसरू खान आरिफ खान पुत्र श्री नसरू खान, आवेश खान पुत्र श्री फकरूद्दीन इदरिश खान पुत्र श्री नसरू खान, कत्ती पत्नि श्री नसरू खान, गफुरी पत्नि श्री अजूब खान, निशपा पुत्री श्री आजब खान, फैजान पुत्र श्री फकरूद्दीन, मुबीना पत्नि श्री फकरूद्दीन, राहुल खां पुत्र श्री फकरूद्दीन, रिजवान पुत्र श्री फकरूद्दीन, रिजवाना पुत्री श्री फकरूद्दीन, सजिदा पुत्री श्री नसरूद्दीन, सबरेन खान पुत्र श्री नसरू खान, साहिर खान पुत्र श्री आजब खान, साहीन खान पुत्र श्री फकरूद्दीन हंसिरा पुत्री श्री नसरूद्दीन पत्नि श्री मुहरा, निवासी भूरपहाडी तह. किशनगढ बास व जिला खैरथल-तिजारा राज्य राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिये आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा नं.	क्षेत्र
किशनगढबास खैरथल-तिजारा	भूरपहाडी किशनगढबास हल्का पटवार किशनगढबास	597/806	0.3400 है. (3035 वर्गमीटर)

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 26.12.2025 को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी, नगरपालिका किशनगढबास

खोया पाया

मेरे आवास संख्या 61/74, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर का मूल अदेय प्रमाण पत्र की प्रति आवंटी से कहीं गिर/गुम हो गई है मिलने पर सूचित करें-सुरेन्द्र कुमार जैन-8058486192

राजगढ़ में स्वीकृत केंद्रीय विद्यालय को बाहर खोले जाने के विरोध में राजगढ़ पांचवें दिन बंद रहा

राजगढ के नाम से स्वीकृत केंद्रीय विद्यालय को बाहर खोले जाने कि विरोध पांचवें दिन भी राजगढ के बाजार बंद रहे।

राजगढ। राजगढ के नाम से स्वीकृत केंद्रीय विद्यालय को बाहर खोले जाने के विरोध को लेकर पांचवें दिन राजगढ के बाजार बंद रहे.। राजगढ आवाज मंच के मुकेश जेमन का गोल मार्केट पर आमरण अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा।

उनके साथ पांच लोग क्रमिक अनशन पर बैठे। विदित रहे कि राजगढ़ आवाज मंच व्यापारियों एवं आमजन की ओर से केंद्रीय विद्यालय राजगढ़ से बाहर खोले जाने के को लेकर रोष है। गोल मार्केट पर दिनभर कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों का जमावड़ा लगा रहा रहा। इससे पूर्व शनिवार देर सायं कांग्रेस नेताओं की ओर से समझाइश एवं महापडाव समाप्त करने के पश्चात मुकेश आमरण अनशन पर गोल मार्केट पर बैठ गए।

■ **शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बाद लगातार 5 दिन से राजगढ़ बंद रहने के बाद भी जिला प्रशासन की ओर से कोई ठोस वार्ता नहीं हो पाई। दूसरी और राज्य सरकार की ओर से भी कोई पदाधिकारी नहीं आया**

शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बाद लगातार 5 दिन से राजगढ़ बंद रहने के बाद भी जिला प्रशासन की ओर से कोई ठोस वार्ता नहीं हो पाई। दूसरी और राज्य सरकार की ओर से भी कोई पदाधिकारी इस समस्या को लेकर चर्चा को नहीं आया।

शनिवार को उपखंड अधिकारी की ओर से कृषि उपज मंडी क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया पत्र दिखाया गया। मगर उपस्थित मंच के कार्यकर्ताओं की ओर से दलालपुरा का आवंटन निरस्त करने एवं राजगढ़ क्षेत्र में स्कूल खोलने का आश्वासन चाहा।

शाहपुरा में कांग्रेस स्थापना दिवस मनाया

शाहपुरा। राजस्थान प्रदेश कांठोस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट संदीप कलवानिया ने रविवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 141वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर समस्त देशवासियों और कांठोस कार्यकर्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

उन्होंने इस अवसर पर कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास, त्याग और देश निर्माण में पार्टी के योगदान को याद किया। प्रेस को जारी बयान में संदीप कलवानिया ने कहा कि 28 दिसंबर 1885 को स्थापित हुई कांठोस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचार है जिसने देश को गुलामी की जंजीरों से आजाद कराया और आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी।

कांग्रेस ने महात्मा गांधी, पंडित नेहरू, सरदार पटेल और मौलाना आजाद जैसे महापुरुषों के नेतृत्व में अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलकर देश को स्वतंत्रता दिलाई। प्रवक्ता ने कहा कि आज जब देश के संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर प्रहार हो रहा है, कांग्रेस पार्टी ही देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को बचाने के लिए संकल्पित है।

उन्होंने राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि कांठोस का हर कार्यकर्ता आज न्याय, समानता और गरीब-वंचितों की आवाज उठाने के लिए मैदान में है।

पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने जेसीबी चलाकर किया सड़क निर्माण का शुभारंभ

चौमूं/कालाडेरा, (निसं)। ग्राम पंचायत भूतेड़ा में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत ग्राम हीरा का बास से कुमावतों की ढाणी तक 1.4 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य का रविवार को पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने विधिवत शुभारंभ किया।

इस अवसर पर शर्मा ने स्वयं जेसीबी चलाकर कार्य की शुरुआत की, जिसे देख ग्रामीणों में भारी उत्साह नजर आया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों ने पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का माला एवं साफा पहनाकर गर्मजोशी से अभिनंदन किया। क्षेत्र की महिलाओं और युवाओं ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। ग्रामीणों का कहना था कि इस सड़क के बनने से आवागमन की पुरानी समस्या का समाधान होगा और ढाणियों का जुड़ाव मुख्य मार्ग से सुगम हो जाएगा। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा "प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद ढाणी-ढाणी और गांव-गांव तक बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करना हमारी प्राथमिकता है।

■ **कार्यक्रम के दौरान ठामवासियों ने पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का माला पहनाकर अभिनंदन किया**

एक जनप्रतिनिधि का लक्ष्य क्षेत्र का संतुलित विकास करना होता है। यह स्नेह और विश्वास ही मुझे क्षेत्र की सेवा के लिए नई ऊर्जा प्रदान करता है।" उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र की जनता के हितों के लिए विकास कार्यों की यह कड़ी भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी।

सड़क शुभारंभ के इस अवसर पर प्रशासक गौरीशंकर नेतड़, जयप्रकाश चौधरी, भाजपा कालाडेरा मण्डल अध्यक्ष लालचंद यादव, पूर्व नगर मण्डल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, सुरेन्द्र शर्मा, फूलचंद कुमावत, गोपाल कुमावत, श्याम लाल कुमावत, राजेन्द्र कुमावत, कमला प्रसाद शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

आय वृद्धि एवं पर्यावरण संतुलन पर किसान गोष्ठी

भरतपुर (निस)। भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान एवं डॉ. संजय सिंह राठौर, परियोजना समन्वयक, सस्य विज्ञान संभाग, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के मार्गदर्शन में किण्वित जैविक खाद द्वारा मृदा समृद्धि, आय वृद्धि एवं पर्यावरण संतुलन विषय पर गाँव न्योठा, नदबई, भरतपुर, राजस्थानमें एक किसान गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया।

किसान गोष्ठी में किण्वित जैविक खाद को मुख्य विषय के रूप में रखा गया, जो जैव-गैस संयंत्रों से प्राप्त पचाए गए जैविक पदार्थ एवं कृषि अपशिष्टों के सूक्ष्मजीवी किण्वन द्वारा तैयार की जाने वाली एक जैविक रूप से स्थिर खाद है। तकनीकी सत्रों में किण्वित जैविक खादकी धीमी एवं संतुलित पोषक तत्व आपूर्ति, मृदा संरचना एवं जल-धारण क्षमता में सुधार, पोषक तत्व उपयोग दक्षता में वृद्धि, लाभकारी मृदा सूक्ष्मजीवों को प्रोत्साहन तथा फसल उत्पादन के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने में इसकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान, भरतपुर के निदेशकडॉ. विजय वीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने सरसों-आधारित फसल प्रणालियों में मृदा स्वास्थ्य सुधार तथा टिकाऊ उत्पादन के लिए किण्वित जैविक खादों की उपयोगिता पर बल दिया। साथ ही उन्होंने जैव-ऊर्जा एवं जैविक पोषक तत्व पुनर्चक्रण को जोड़ने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मेजबान संस्थान सस्य विज्ञान संभाग, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. संजय सिंह राठौर, परियोजना समन्वयक ने किसानदृवैज्ञानिक सहभागिता को टिकाऊ कृषि के प्रसार का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। गोष्ठी में नदबई भरतपुर क्षेत्र के करीब 250 किसानों ने सक्रिय भागीदारी की।

प्रभु राम की शोभायात्रा का पोस्टर जारी

टोंक। मर्यादा पुरूषोत्तत श्री राम के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर हिन्दू युवा संगठन द्वारा 31 दिसंबर को आयोजित विशाल भव्य शोभायात्रा को लेकर भाजपा जिला महामंत्री डॉ प्रभु बाडोलिया के नेतृत्व में उनके निज आवास पर संगठन कार्यकर्ताओं द्वारा पोस्टर का विमोचन किया गया। इस दौरान समिति द्वारा सदस्यगणों ने बाडोलिया का माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर संगठन अध्यक्ष सुभाष बागडी ने बताया यात्रा शंकर पूरा चोराहा कम्पू से मुख्य बजार होते हुए मोदी की चौकी पहुँचेगी, जो प्रभु राम के जयकारे के साथ समाप्त होगी।

■ **संगठन अध्यक्ष सुभाष बागडी ने बताया यात्रा शंकर पूरा चोराहा कम्पू से मुख्य बजार होते हुए चौकी पहुँचेगी**

श्री राम के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय वर्षगांठ पर शोभायात्रा को लेकर पोस्टर का विमोचन किया ।

क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेन्ट एक्ट, 2010

प्ररूप-4 (नियम 6 देखिए)

सूचना

आक्षेप फाईल करने के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रास्थिति का संप्रदर्शन

मैं..डॉ. अनिल कुमार जैमिनी संयोजक, जि.रजि.प्रा. (क्लि.ऐस्टे.एक्ट,2010) एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सवाई माधोपुर...नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण और विनियमन) अधिनियम, 2010 के अधीन प्राधिकारी होते हुए धारा 24 के अधीन दिनांक 24.06.2025 से दिनांक 03.12.2025 तक की कालावधि के दौरान प्राप्त आवेदन पर विचार करने के पश्चात, नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण और विनियमन) नियम, 2013 के उपलब्धों के समाधान के लिए..सवाई माधोपुर..जिले की अधिकारिता के भीतर नैदानिक स्थापन एलौपैथी प्रणाली में बेसिक कम्पोजिट श्रेणी की प्रयोगशाला (लैब) की सूची इसके द्वारा प्रकाशति करता हूं-

क्र. सं.	नैदानिक स्थापन का नाम एवं पता	स्वामित्व/प्रभारी का नाम	औषधि की पद्धति	उपलब्ध सेवाओं का प्रकार एवं प्रकृति	चिकित्सा कार्य करने का विवरण (चिकित्सक, नर्स इत्यादि)
1	पाराशर डाईनोस्टिक सेन्टर किलकारी हॉस्पीटल के सामने सांकेत नगर,आलनपुर तहसील सवाई माधोपुर जिला सवाई माधोपुर पिन-322021	स्वामित्व-मनोज कुमार शर्मा पुत्र राधेश्याम शर्मा (स्वामी) पाराशर डाईनोस्टिक सेन्टर राजकीय सामान्य चिकित्सालय के सामने तहसील सवाई माधोपुर जिला सवाई माधोपुर पिन-322021 निवासी 87, श्याम वाटिका के पास, हाउसिंग बोर्ड, सवाई माधोपुर पिन-322021 एवं प्रभारी- डॉ. रितिका शर्मा पुत्री राजेश कुमार शर्मा (एमबीबीएस, आरएमसी नं. 77808) निवासी वार्ड नं. 01 ब्रह्मपुरी, लाखेरी, जिला बून्दी (राजस्थान) पिन-323615	एलौपेथी	लैबोरेट्री (हैमोटोलॉजी, बायोकैमेस्ट्री एवं माईक्रोबॉयोलॉजी)	1.डॉ. रितिका शर्मा पुत्री राजेश कुमार शर्मा (एमबीबीएस, आरएमसी नं. 77808) वैधता अवधि दिनांक 09.07.2025 से दिनांक 08.07.2030 2. अजय सिंह चौहान पुत्र गणेश सिंह चौहान (डिप्लोमा इन मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजी (दो वर्षीय) आरपीएमसी जयपुर रजि.नं. 7043 दिनांक 11.11.2022 वैधता अवधि 10.11.2027

उपर्युक्त सूची के संबंध में आक्षेप, यदि कोई हो, अधिनियम की धारा 26 के अधीन यथा-आक्षेपित इस सूचना की तारीख से 30 दिन के भीतर भाग 4(ग) राजस्थान राज-पत्र जून 6, 2013ए 27(13) लिखित में दो प्रतियों में (प्राधिकारी का पता)-..कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सवाई माधोपुर पिन-322021..को सम्बोधित किये जा सकेंगे।

नोट-1. क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेन्ट से संबंधित कार्य देखने वाले कार्मिक का नाम एवं मोबाईल नम्बर- श्री आशीष गौतम, प्रभारी क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेट एंड केस अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक (पीसीपीएनडीटी) कक्ष नं. 01 कार्यालय हाजा। मोबाईल नम्बर 9460439302

2. उक्त कार्य करने वाले डाटा एन्ट्री ऑपरेटर का नाम एवं मोबाईल नम्बर- .....रिक्त है.....

(डॉ.अनिल कुमार जैमिनी)
संयोजक, जि.रजि.प्रा. (क्लि.ऐस्टे.एक्ट, 2010) एवं
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
सवाई माधोपुर

क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेन्ट एक्ट, 2010

प्ररूप-4 (नियम 6 देखिए)

सूचना

आक्षेप फाईल करने के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रास्थिति का संप्रदर्शन

मैं..डॉ. अनिल कुमार जैमिनी संयोजक, जि.रजि.प्रा. (क्लि.ऐस्टे.एक्ट,2010) एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सवाई माधोपुर...नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण और विनियमन) अधिनियम, 2010 के अधीन प्राधिकारी होते हुए धारा 24 के अधीन दिनांक 24.06.2025 से दिनांक 03.12.2025 तक की कालावधि के दौरान प्राप्त आवेदन पर विचार करने के पश्चात, नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण और विनियमन) नियम, 2013 के उपलब्धों के समाधान के लिए..सवाई माधोपुर..जिले की अधिकारिता के भीतर नैदानिक स्थापन एलौपैथी प्रणाली में बेसिक कम्पोजिट श्रेणी की प्रयोगशाला (लैब) की सूची इसके द्वारा प्रकाशति करता हूं-

क्र. सं.	नैदानिक स्थापन का नाम एवं पता	स्वामित्व/प्रभारी का नाम	औषधि की पद्धति	उपलब्ध सेवाओं का प्रकार एवं प्रकृति	चिकित्सा कार्य करने का विवरण (चिकित्सक, नर्स इत्यादि)
1	पाराशर डाईनोस्टिक सेन्टर राजकीय सामान्य चिकित्सालय के सामने तहसील सवाई माधोपुर जिला सवाई माधोपुर पिन-322021	स्वामित्व-मनोज कुमार शर्मा पुत्र राधेश्याम शर्मा (स्वामी) पाराशर डाईनोस्टिक सेन्टर राजकीय सामान्य चिकित्सालय के सामने तहसील सवाई माधोपुर जिला सवाई माधोपुर पिन-322021 निवासी 87, श्याम वाटिका के पास, हाउसिंग बोर्ड, सवाई माधोपुर पिन-322021 एवं प्रभारी- डॉ.पूजा सैनी पुत्री प्रहलाद कौशल (एमबीबीएस, आरएमसी नं. 69089) निवासी 37, हनुमान नगर ए, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, आलनपुर, जिला सवाई माधोपुर (राजस्थान) पिन-302001	एलौपेथी	लैबोरेट्री (हैमोटोलॉजी, बायोकैमेस्ट्री एवं माईक्रोबॉयोलॉजी)	1. डॉ.पूजा सैनी पुत्री प्रहलाद कौशल (एमबीबीएस, आरएमसी नं. 69089) वैधता अवधि दिनांक 31.07.2024 से दिनांक 30.07.2029 2. आशुतोष गोस्वामी पुत्र महेश कुमार गोस्वामी (डिप्लोमा इन मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजी (दो वर्षीय) आरपीएमसी जयपुर रजि.नं. 7937 दिनांक 05.01.2023 वैधता अवधि 04.01.2028

उपर्युक्त सूची के संबंध में आक्षेप, यदि कोई हो, अधिनियम की धारा 26 के अधीन यथा-आक्षेपित इस सूचना की तारीख से 30 दिन के भीतर भाग 4(ग) राजस्थान राज-पत्र जून 6, 2013ए 27(13) लिखित में दो प्रतियों में (प्राधिकारी का पता)-..कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सवाई माधोपुर पिन-322021..को सम्बोधित किये जा सकेंगे।

नोट-1. क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेन्ट से संबंधित कार्य देखने वाले कार्मिक का नाम एवं मोबाईल नम्बर- श्री आशीष गौतम, प्रभारी क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेट एंड केस अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक (पीसीपीएनडीटी) कक्ष नं. 01 कार्यालय हाजा। मोबाईल नम्बर 9460439302

2. उक्त कार्य करने वाले डाटा एन्ट्री ऑपरेटर का नाम एवं मोबाईल नम्बर- .....रिक्त है.....

(डॉ.अनिल कुमार जैमिनी)
संयोजक, जि.रजि.प्रा. (क्लि.ऐस्टे.एक्ट, 2010) एवं
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
सवाई माधोपुर

क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेन्ट एक्ट, 2010

प्ररूप-4 (नियम 6 देखिए)

सूचना

आक्षेप फाईल करने के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रास्थिति का संप्रदर्शन

मैं..डॉ. अनिल कुमार जैमिनी संयोजक, जि.रजि.प्रा. (क्लि.ऐस्टे.एक्ट,2010) एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सवाई माधोपुर...नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण और विनियमन) अधिनियम, 2010 के अधीन प्राधिकारी होते हुए धारा 24 के अधीन दिनांक 24.06.2025 से दिनांक 03.12.2025 तक की कालावधि के दौरान प्राप्त आवेदन पर विचार करने के पश्चात, नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण और विनियमन) नियम, 2013 के उपलब्धों के समाधान के लिए..सवाई माधोपुर..जिले की अधिकारिता के भीतर नैदानिक स्थापन एलौपैथी प्रणाली में बेसिक कम्पोजिट श्रेणी की प्रयोगशाला (लैब) की सूची इसके द्वारा प्रकाशति करता हूं-

क्र. सं.	नैदानिक स्थापन का नाम एवं पता	स्वामित्व/प्रभारी का नाम	औषधि की पद्धति	उपलब्ध सेवाओं का प्रकार एवं प्रकृति	चिकित्सा कार्य करने का विवरण (चिकित्सक, नर्स इत्यादि)
1	गर्ग पेथौल